बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए, ये परियोजनाएं लाभप्रद हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या इन परियोजनाओं का कार्य सातवीं पंचवर्षीय योजना के समाप्त होने से पूर्व शुरू कर दिया जाएगा, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) से (ग) शाहगंज मऊ, वाराणसी-ओडिहार-बलिया-छपरा और इन्डारा-फेफना मीटर लाइनों को बड़ी लाइन में बदलने के लिए सर्वेक्षण किये गये थे। ये सभी परियोजनाएं वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद पायी गयी थीं।

छपरा ओडिहार खण्ड के आमान परिवर्तन के लिए सर्वेक्षण को अद्यतन करने का काम हाल ही में पूरा किया गया है तथा रिपोर्ट की जांच की जा रही है।

Physical Education Teachers in Kendriya Vidyalayas

3286. SHRI CHATURANAN MISHRA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the norms for determining the staff strength of Physical Education Teachers in Kendriya Vidyalayas for the academic sessions 1987-88 and 1988-89; and

(b) what are the details of PETs rendered surplus during current session, alongwith places of their posting or transfer?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) The approved norms for determination of Physical Education Teachers in the Kendriya Vidyalaya are as under:—

Enrolment excluding Primary Classes	Number of Physical Education Teachers
Upto 300	1
301 to 600	2
601 to 900 and above	3

(b) No Physical Education Teacher has been declared surplus in the Kendriya Vidyalaya Sangathan during the current session.

"मोबाइल क्रेच फार वर्किंग मदर्स" को अनुदान

@ 3287. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "मोबाइल क्रेच फार वर्किंग मदर्स" संगठन को पिछले तीन वर्षों के दौरान, वर्ष वार, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड/कल्याण मंत्रालय/विदेशों द्वारा क्रमश किस-किस कार्यक्रम के लिये अनुदान दिये गये हैं और अनुदान की कितनी कितनी राशि दी गई है;

(ख) उपरोक्त धनराशि से लाभान्वित गरीब व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है तथा उनके पते क्या-क्या हैं; और

(ग) उपरोक्त भाग (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों के नाम तथा पते क्रमश: क्या-क्या ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल तथा महिला और बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रट अल्वा) :

@पूर्वत: अतारांकित प्रश्न 2664, 2 दिसम्बर, 1988 से स्थानान्तरित।